पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

———————

राज्यपाल ने प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की

—————————

विश्वविद्यालयों में परम्परागत भारतीय खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा दें

———————

राष्ट्रीय पर्वों पर ध्वजारोहण एवं कार्यक्रम किए जाएं

————————

शैक्षणिक परिसर एवं छात्रावासों में अभियान चलाकर सफाई की जाए

—श्रीमती आनंदीबेन पटेल

————————

लखनऊः 2 जून, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज यहां राजभवन स्थित प्रज्ञा कक्ष में प्रदेश के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं उनके सहयोगियों के साथ विभिन्न मुद्दों पर ऑनलाइन समीक्षा बैठक की। बैठक में उन्होंने मुख्य रूप से उच्च शिक्षण संस्थानों में परम्परागत खेलों को बढ़ावा देने, भारतीय संस्कृति को दर्शाने वाले संगीत, कला और रंगमंचीय कार्यक्रमों को विस्तार देने, संस्थानों तथा छात्रावासों की स्वच्छता सुनिश्चित करने सहित अन्य प्रशासनिक विषयों पर भी चर्चा की।

राज्यपाल जी ने बैठक में परम्परागत खेलों को बढ़ावा देने पर जोर देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय अपने प्रत्येक विद्यार्थी को उसकी रूचि के अनुसार इन प्रतियोगिताओं में शामिल होने का अवसर दें। इसके लिए शिक्षक विद्यार्थियों को खेलों की जानकारी दें। ये खेल महाविद्यालय स्तर पर, फिर विश्वविद्यालय स्तर तदोपरांत मण्डल तथा राज्य स्तर पर आयोजित किए जाएं। राज्यपाल जी ने परम्परागत खेल प्रतियोगिता को विश्वविद्यालयों द्वारा अंतर्राज्यीय भी आयोजित करने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा विश्वविद्यालय गत माह राजभवन में आयोजित परम्परागत खेल प्रतियोगिता की तर्ज पर ये आयोजन करा सकते हैं।

इसी क्रम में बैठक में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालयों को पौराणिक भारतीय वाघ यंत्रों, भारतीय संगीत और रंगमंचीय प्रस्तुतियों पर आधारित आयोजनों को बढ़ावा देने को कहा। उन्होंने कहा विश्वविद्यालयों में भारतीय कला, संगीत और खेल प्रतियोगिताओं को बढ़ावा दिया जाए। समीक्षा

के दौरान उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों से "खेलों इण्डिया" में प्रतिभाग करने वाले विजयी प्रतिभागियों को राजभवन में आंमत्रित करके सम्मानित किया जायेगा।

सांस्कृतिक आयोजनों पर चर्चा के क्रम में राज्यपाल जी ने कहा कि प्रदेश के सभी उच्च शिक्षा संस्थानों में 15 अगस्त तथा 26 जनवरी जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर आवश्यक रूप से ध्वजारोहण करके सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि इन राष्ट्रीय पर्वों के दूसरे दिन अभियान चलाकर विश्वविद्यालय परिसरों की सफाई की जाये, जिसमें संस्थान के शिक्षकों, शिक्षणेत्तर अधिकारी एवं कर्मचारियों तथा विद्यार्थियों की सहभागिता कराई जाये।

बैठक में विश्वविद्यालयों में बायोमैट्रिक उपस्थिति व्यवस्था की प्रगति, ई–व्यवस्था सुचारू करने, पत्रावलियों के उचित अनुरक्षण, डिग्रियों के सुचारू वितरण और डिजीलाकर में रखने, निष्प्रयोज्य सामग्री का निस्तारण करने छात्रावासों की व्यवस्थाओं और सुप्रबंध स्थापित करने पर भी चर्चा करते हुए राज्यपाल जी ने आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिया कि गत माह से पूर्व में विशेष कार्याधिकारी शिक्षा द्वारा विश्वविद्यालयों के भ्रमण के दौरान जो कमियां पाई गई थीं उस पर किए गए सुधारों का विवरण उनके अवलोकन हेतु प्रेषित किया जाए।

बैठक में राज्यपाल जी ने विश्वविद्यालयों में होने वाली भर्ती को निष्पक्ष और पारदर्शी करने के सख्त निर्देश दिए। इसके साथ ही विश्वविद्यालयों को उत्तर पुस्तिकाओं के पृष्ठ घटाकर और विद्युत मीटर को उपभोग करने वाले अधिकारी अथवा कर्मचारी के नाम से कराकर अनावश्यक व्यय भार को कम करने के निर्देश भी दिए।

इस अवसर पर बैठक में अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, समस्त विश्वविद्यालयों के कुलपति, विशेष कार्याधिकारी शिक्षा तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

––––––

डॉ0 सीमा गुप्ता– सूचना अधिकारी/राजभवन (213/22)
सम्पर्क सूत्र 8318116361

JANANAYAK CHANDRASH...
Governor Uttar Pradesh
Director SGPGI Lucknow
VC, CSAUK
VC Agra Univ.
DDU Gorakhpur University...
AKS Zoom
Bundelkhand University Jha...
UPRTOU Prayagraj
MMMUT, Gorakhpur
Prof Samsher, VC, HBTU
Dr. Rammanohar Lohia Av...
FO SIDDHARTH UNIVERSITY
University of Lucknow
Vice Chancellor KGMU
Prof. K.P. Singh VC MJPRU ...
ANDUAT, AYODHYA
VC,KMC Language Universi...
DR RMLIMS Lucknow
VC AKTU
Galaxy A20s
KMCLU, Lucknow
V C, VBS PURVANCHAL UN...
Prof R.K.P. Singh-VC-DSM...
Dr. R.K. Mittal, Vice Chanc...